पुस्तकालय

2507
17/3/06

असंशोधित

9 MAR 2006

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

---

(भाग 2–कार्यवाही–प्रश्नोत्तर रहित)

बि० स० मु० (एल० ए०) 220--मोनो--1,000--8-6-2004

**शून्य - काल**

श्री लक्ष्मी नारायण यादवः- अध्यक्ष महोदय,विधायक आवास के चारों तरफ काफी गंदा एवं कचड़ा लगा हुआ है, कचड़ा और नाली के गंदगी के चलते मच्छर की संख्या काफी बढ़ गया है । सफाई के सवाल पर एक विभाग के कर्मचारी दूसरे विभाग के कर्मचारी का नाम बताकर टाल-मटोल कर देता है ।

हम मांग करते हैं कि पूरे विधायक आवास के कैम्पस एवं नाला की सफाई कराने का कष्ट करें ।

(व्यवधान)

(इस अवसर पर कई माननीय सदस्य एक साथ खड़े होकर बोलने लगे )

(व्यवधान)

अध्यक्षः- माननीय सदस्यगण,पहले आपलोग बैठिये तो । माननीय मंत्री,नगर विकास,चूंकि माननीय सदस्यों ने शून्यकाल में गंभीर समस्या को उठाया है,इसको आप अपने स्तर से शीघ्रातिशीघ्र जा करके देख लीजिये ।

श्री अश्विनी कुमार चौबे,मंत्रीः- ठीक है ।

श्री शिवजी राय - अध्यक्ष महोदय, पूर्वी चमपारण जिलान्तर्गत मधुबन एवं पकड़ीदयाल बाजार की आबादी लगभग २५ -२५ हजार है जहां चारो तरफ बाजार में जल-जमाव से जनजीवन अस्त-व्यस्त रहता है। दोनों बाजार व्यावसायिक दृष्टिकोण से अतिमहत्वपूर्ण बाजार है।

अतः मांग करते हैं कि पूरे बाजार को जनहित में पूर्णरूपेण पी०सी०सी० कराने का कष्ट करें।

श्री विजयेन्द्र कुमार यादव- अध्यक्ष महोदय, माननीय मुख्यमंत्री जी का आदेश हुआ था कि **आशा** कार्यकर्त्ता में अनुसूचित जाति की चमार उपजाति की महिलाओं की नियुक्ति एवं प्रशिक्षित दाई की नियुक्ति की जाय। परंतु भोजपुर के संदेश, उदवंतनगर एवं जगदीशपुर में इसका घोर उल्लंघन किया गया है।

जांच करा अविलंब इस पर कार्रवाई हो।

व्यवधान

डा० रामचन्द्र पूर्वे- अध्यक्ष महोदय, **आशा** की बहाली में अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों की अवहेलना की गयी है। जिस तरह से पाईप गाड़ने में मनमानी किया गया है उसी तरह से आशा की बहाली में मनमानी किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में जो स्वास्थ्य सेविका के रूप में आशा की बहाली की जाती है, महिलाओं की बहाली की जाती है, उसमें आरक्षण के नियमों की अवहेलना की गयी है।

महोदय, यह हमारी सरकार की महत्वपूर्ण योजना थी। अभी देख रहे हैं कि इसमें बिल्कुल अराजकता की स्थिति है।

व्यवधान

अध्यक्ष - माननीय मंत्री सूचना ग्रहण लें ।

व्यवधान

श्री जगदानन्द सिंह- अध्यक्ष महोदय, इस शून्यकाल को ध्यानाकर्षण-सूचना में बदल दिया जाये।

अध्यक्ष - इस को प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण सूचना समिति को भेज देते हैं ।

श्रीजगदानन्द सिंह - नहीं महोदय। इसको आप ध्यानाकर्षण-सूचना में बदल दीजिये ताकि माननीय मंत्री जी को जवाब देने का मौका मिले। कोई रास्ता निकल जायेगा। अगर वैसी स्थिति नहीं होगी तो इसको ध्यानाकर्षण समिति में भेजा जायेगा।

अध्यक्ष - ठीक है। इसको ध्यानाकर्षण-सूचना में बदल देते हैं। माननीय सदस्य श्री विजयेन्द्र कुमार यादव जी, आप इस पर अलग से ध्यानाकर्षण-सूचना लिख कर दे देंगें।

श्री विजयेन्द्र कु० यादव- ठीक है।

श्री फुलैना सिंह- अध्यक्ष महोदय,लखीसराय जिला में इन्दिरा आवास हेतु चयन में भारी अनियमितता हुई है। बार-बार सूचना मांगने पर भी प्रखंड विकास पदाधिकारियों द्वारा लखीसराय विधान सभा क्षेत्र के संबंध में सूचना उपलब्ध नहीं करायी जा रही है।

अतः इंदिरा आवास योजनाओं की वर्ष २००३-०४ से अबतक जांच कराये जाने की मांग करता हू।

श्री लाल बाबू राय - अध्यक्ष महोदय, छपरा सरकारी बाजार निवासी राजकुमार प्र० एवं संजय प्र० दो व्यवसाईयों की हत्या दिनांक १-१२-०५ को कर दी गई। परिवार में कोई कमाऊ सदस्य नहीं रहा। नगर थाना कांड संख्या ४१/०५ दर्ज है। मृतक परिवार भूखमरी के कगार पर है।

मैं मृतक परिवार की सुरक्षा एवं पुनर्वास की मांग करता हूं।

श्री प्रदीप कुमार - अध्यक्ष महोदय, नवादा जिलान्तर्गत वारिसलीगंज प्रखंड में ग्राम चकवाय स्थित जल मीनार बहुत दिनों से बंद पड़ा है जिससे चकबाय पंचायत में पेयजल समस्या उत्पन्न हो गयी है।

अतः उक्त जल मिनार को पुनः चालू करावाया जाये ।

श्री अमर नाथ यादव - अध्यक्ष महोदय, सीवान जिलान्तर्गत प्रखंड दरौली ग्राम मेल्हनी में ४ मार्च,०६ को आग लग गई, उसमें ५५ घर जल कर राख हो गये। सभी पीड़ित परिवार दलित जातियों के हैं। सरकार तमाम पीड़ित परिवारों को इंदिरा आवास बनवाये और सरकारी नियमों के अनुरूप राहत सामग्री उपलब्ध करावाये।

टर्न-13/सत्येन्द्र/9-3-06

श्री एन0के0नन्दा: अध्यक्ष महोदय,पटना जिलान्तर्गत पाली अतौलह पथ दशकों से जर्जर है,उस पथ पर दुर्घटना में कई मौतें भी हो चुकी है।

अत: हम सरकार से मांग करते हैं कि तत्काल उसकी मरम्मत करायी जाय।

श्री मुन्नाफ आलम: अध्यक्ष महोदय,कटिहार जिलान्तर्गत बारसोई में एक मात्र पी0डबलू0डी0 सड़क जिकसी स्थिति एकदम जर्जर है वहां दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

अत: सरकार से मांग करते हैं कि उक्त सड़क को तत्काल बनायें।

श्री इजहार अहमद: अध्यक्ष महोदय,दरभंगा जिले के बिरौल अनुमंडल मुख्यालय में 1989 में 70 शय्यावाले रेफरल अस्पताल भवन का उद्घाटन हुआ जिसे बाद में आवंछित लोगों द्वारा कब्जा कर लिया जिससे जनता में भारी आक्रोश है।

अत: सरकार से मांग करता हूँ कि रोगियों के परेशानी को देखते हुए रेफरल अस्पताल को सुचारू रूप से अबिलम्ब चालू किया जाय।

श्री तारकिशोर प्रसाद: अध्यक्ष महोदय,एन.जे.एम.सी.अधीन कटिहार स्थित आर.बी.एच.एम. जूट मिल वर्षो से बंद है। एन.जे.एम.सी. अधीन छ: जूट मिलों में से पशिचम बंगाल स्थित दो जूट मिलों को चालू करने जा रही है।

कटिहार स्थित जूट मिल बिहार में निगम की एक मात्र मिल है। अत: इस जूट मिल को अबिलम्ब चालू करवाया जाय।

श्री अजीत कुमार झा: अध्यक्ष महोदय,प्रखंडाधीन एक-एक अतिरिक्त प्राथमिक केन्द्र के कार्यरत होने के आदेश के बाद भी शिवहर जिला का पुरनहिया एवं डुमरी कटसरी प्रखंड इससे बचित है। इसी तरह प्रखंडों में एक कन्या उच्च विद्यालय की स्थापना भी यहां नहीं हुआ है। बाढ़ से प्रभावित दोनों प्रखंडों में अबिलमब घोषणा को कार्यरूप दिया जाय।

श्री राम विनोद पासवान: अध्यक्ष महोदय, राज्य के किसानों को सिंचाई सुविधा हेतु सरकार की ओर से बैंक द्वारा हीरो होण्डा पमपसेट दिया जा रहा है जो किरासन तेल पर संचालित होता है। किसान किरासन तेल ऊंचे कीमत पर कालाबाजारी से खरीद रहे हैं।

अतएव सरकार से मांग करते है कि किरासन तेल परमिट पर उपलब्ध कराया जाय।

श्री रामानुज प्रसाद: अध्यक्ष महोदय,गंडक नदी के कटाव से सोनपुर प्रखंड अन्तर्गत सेमरा,कल्याणपुर,शिकारपुर गांव बुरी तरह प्रभावित है। कटाव अवरोध कार्य के नाम पर प्रतिवर्ष सिर्फ पंडालिंग कराया जाता है, बावजूद इसके कटाव बदस्तुर जारी है।अत: व्यापक जनहित में पंडालिंग के जगह पर अबिलम्ब स्परब बनवा कर परमानेंट कटाव रोकवाया जाय।

टर्न-13/सत्येन्द्र/9-3-06

श्री अनिल चौधरीः अध्यक्ष महोदय,बेगूसराय जिला के छौड़ाही प्रखंड अन्तर्गत बजितपुर,बढ़ैपुरा,बकारी,छोड़ाही, सिहमा एवं ऐजनी ग्राम का ट्रांसफर्मर कई वर्षो से जला हुआ है।

अतः सरकार इन जले हुए ट्रांसफर्मर को बदलने की कार्रवाई करे।

अध्यक्षः शून्यकाल समाप्त। अब ध्यानाकर्षण लिये जायेंगे।